परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय - 2, मुंबई

आवधिक परीक्षा - 2 [2023-24]

कक्षा - आठवीं अंक - 40

विषय - हिंदी [द्वितीय भाषा] समय - डेढ़ घंटा

[अपठित गद्यांश एवं पद्यांश]

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- [4]

साहस की जिंदगी रोमांचक होती है । ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि साहसी व्यक्ति इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और दुनिया को प्काश भी उसी से मिलता है । अड़ोस - पड़ोस को देख कर चलना साधारण जीव का काम है। क्रान्ति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना नहीं तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं।

[1] उपयुक्त गद्यांश का सही शीर्षक दीजिए -

[क] साहस [ख] साहस की जिंदगी

[ग] जिंदगी [घ] दुनिया का प्रकाश

[2] साहसी की जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान क्या होती है ?

[क] साहस की जिंदगी रोमांचक होती है ।

[ख] साहसी व्यक्ति निडरता से जीता है वह इस बात की चिंता नहीं करता कि लोग उसके बारे में क्या कहेंगे ।

[ग] साहसी जिंदगी जीने वाले लोंग कर्मठ होते हैं ।

[घ] साहसी जिंदगी जीने वाले हट के पक्के होते हैं ।

[3] कैसा आदमी दुनिया की असली ताकत होता है ?

[क] अपनी मर्जी से जीने वाला [ख] जनमत की उपेक्षा करनेवाला

[ग] क्रांति करनेवाला [घ] लोगों की बात मानने वाला

[4] क्रांति करने वालों की क्या विशेषता होती है ?

[क] हरदम क्रांति की बातें करते हैं

[ख] हरदम क्रांति करने के लिए तैयार रहते हैं

[ग] क्रांति करने वाले किसी की परवाह किए बिना अपने उद्देश्य की ओर बढ़ते हैं

[घ] वे पड़ोसियों की भावनाओं से प्रभावित होते हैं

प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- [3]

मत काटो ये पेड़
सचमुच तुम बहुत पछताओगे
बोलो फिर किसकी गोद में
सिर छिपाओगे ?
शीतल छाया
फिर कहाँ से पाओगे ?
कहाँ से पाओगे फिर फल ?
कहाँ से मिलेगा
शस्य-श्यामला को
सींचने वाला जल ?
रेगिस्तान में
तब्दील हो जाएँगे खेत
बरसेंगे कहाँ से
उमड़ - घुमड़ कर बादल ?
थके हुए मुसाफिर
पाएँगे कहाँ से
श्रमहारी छाया ?

[1] कवि ने छाया को श्रमहारी  कहा क्योंकि -

[क] वह मज़दूरों की छाया है [ख] छाया थकान मिटाती है

[ग] पेड़ छाया देते हैं [घ] मुसाफिर रास्ते में रुकते हैं

[2] पेड़ न रहने पर खेतों का क्या होगा ?

[क] खेत भी नहीं रहेंगे [ख] खेत रेगिस्तान बन जाएँगे

[ग] खेतों की फसलें मिट जाएँगी [घ] खेतों को बादल जल नहीं देंगे

[3] पेड़ों को काटकर मनुष्य को क्यों पछताना पड़ेगा ?

[क] क्योंकि समस्त पेड़ कट जाएँगे

[ख] क्योंकि सारी धरती रेगिस्तान बन जाएगी

[ग] क्योंकि पेड़ों के लाभ से हमेशा के लिए वंचित हो जाएँगे

[घ] इनमें से कोई नहीं

[व्याकरण भाग]

प्र.3 निर्देशानुसार निम्नलिखित व्याकरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - [1*8=8]

[1] परस्परमिलते जुलते अर्थ वाले होते हैं उन्हें ------------- कहते हैं ?

[क] विपरीतार्थक [ख] समानार्थक [ग] समास [घ] अलंकार

[2] मधुकर का समानार्थी शब्द निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है?

[क] भ्रमर [ख] भौंरा [ग] मधुप [घ] तितली

[3] शीत शब्द का विलोम शब्द है ?

[क] सर्दी [ख] ठंडी [ग] उष्ण [घ] बर्फ़

[4] उचित मुहावरे इस द्वारा रिक्त स्थान पूर्ण कीजिए -

अंग्रेज का मित्र मेजर डगलस अपने जहाँगीरी अंडा की ------------- - था ।

[क] नफरत नफरत करता था [ख] डींगे हाँकता था

[ग] चापलूसी हाँकता था [घ] बुराई करता था

[5] प्रति उपसर्ग का प्रयोग निम्नलिखित शब्दों में नहीं है-

[क] प्रत्यक्ष [ख] प्राध्यापक [ग] प्रत्येक [घ] प्रतिक्षण

[6] पर्यावरण शब्द में कौन - सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है?

[क] प [ख] पर [ग] परि [घ] पर्य

[7] इक प्रत्येक से निर्मित शब्द चुनिए -

[क] रेखिक [ख] लिपिका [ग] साहित्यिक [घ] पाठिका

[8] जहाँ काव्य में किसी बात को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया जाता है तो वहाँ ------------ अलंकार होता है ।

[क] आतिशयोक्ति [ख] उपमा [ग] उत्प्रेक्षा [घ] अनुप्रास

## पाठ्य पुस्तक पर आधारित भाग

प्र.4 निम्नलिखित गद्यांश को पढिए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [2∗2=4]

भीड़ में प्रधान पात्र एक अंग्रेज हैं जो नखशिख से भीगा हुआ है और जो अपने एक पैर को हाथ से सहलाता हुआ दूसरे पैर पर नाच रहा है । उसी के पास अपराधी लौटे को भी देखकर लाला झाऊलाल जी ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया ।

[क] अंग्रेज नखशिख तक भीग कैसे गया था और अपने पैर को क्यों सहला रहा था ?

[ख] लाला झाऊलाल ने किस स्थिति का अंदाजा लगा लिया था ?

प्र.5 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [2∗2=4]

[क] प्रारंभ में साइकिल आंदोलन को चलाने में कौन-कौन-सी बाधाएँ आईं ?

[ख] अंग्रेज के सामने बिलवासी जी ने झाऊलाल को पहचानने तक से इनकार क्यों कर दिया आपके विचार से बिलवासी जी ऐसा अजीब व्यवहार क्यों कर रहे थे ?

[ग] साइकिल आंदोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन - कौन से बदलाव आए हैं ?

प्र.6 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [2*2=4]

ऐसे बेहाल बिवाइन सो, पग कंटक जाल लगे पुनि जोए ।
हाय! महादुख पायो सखा, तुम आए इतै न कितै दिन खोए ॥
देखि सुदामा की दीन दसा, करुणा करिकै करुणानिधि रोए ।
पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए॥

[क] सुदामा की दशा देखकर कृष्ण की क्या प्रतिक्रिया हुई ?

[ख] कृष्ण ने सुदामा के चरण कैसे धोए ?

प्र.7 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए - [2*2=4]

[क] सुदामा की दीन दशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई ? उसे अपने शब्दों में लिखिए।

[ख] श्रीकृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या-क्या सोच रहे थे ?

[ग] मक्खन चुराते और खाते समय श्री कृष्ण थोड़ा-सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं?

प्र.8 निम्नलिखित प्रश्नों में से इस किन्हीं दो के उत्तर भारत की खोज पुस्तिका के आधार पर लिखिए - [2*2=4]

[क] भारतीय सभ्यता का मूल आधार क्या है ?

[ख] भारत का स्वर्ण युग किसे कहते हैं ?

[ग] अरबवासियों के भारत से संपर्क का क्या परिणाम हुआ ?

[घ] तैमूर कौन था ? उसके हमले से भारत की दशा क्या हुई ?

## पत्र लेखन

प्र.9 समय का महत्त्व बताते हुए अपने अनुज को पत्र लिखिए । [5]

*******************************